# महाकाल नजर आए भजन लिरिक्स

महाकाल नजर आए,

दोहा – कृपा की ना होती,
जो आदत तुम्हारी,
तो सुनी ही रहती,
अदालत तुम्हारी,
गरीबों के दिल में,
जगह तुम ना पाते,
तो किस दिल में होती,
इबादत तुम्हारी।

---

बस इतनी कृपा करना,
मेरा वक्त सुधर जाए,
उज्जैन में पहुँचूं तो,
महाकाल नजर आए,
उज्जैन में पहुँचूं तो,
महाकाल नज़र आए।bd।

---

करता तुम्ही हो बाबा,
भरता तुम्ही हो बाबा,
भिखारी हूँ चौखट का,
और तुम हो मेरे दाता,
मेरी ये दुआओं में,
इतना तो असर आए,
मैं दुःख में जो रहूँ तो,
बाबा को खबर जाए,
उज्जैन में पहुँचूं तो,
महाकाल नज़र आए।bd।

---

दर्शन को तेरे बाबा,
लम्बी लगी कतारें,
हर एक नजर बाबा,
राह तेरी निहारे,
देखूं जिधर जिधर भी,
सब तेरे ही गुण गाए,
ऐसे करम करूँ मैं,
बाबा को पसंद आए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उज्जैन में पहुँचूँ तो,
महाकाल नज़र आए।bd।

---

हर लेते सबकी चिंता,
मेरे चिंतामण गणेशा,
हरसिद्धि माँ पूरी करे,
भक्तो के मन की मनसा,
काल भैरव बाबा भी,
किरपा बडी बरसाए,
मिल जाए प्यार सबका,
चमत्कार ये हो जाए,
**Bhajan Diary Lyrics,**
उज्जैन में पहुँचूँ तो,
महाकाल नज़र आए।bd।

---

बस इतनी कृपा करना,
मेरा वक्त सुधर जाए,
उज्जैन में पहुँचूँ तो,
महाकाल नजर आए,
उज्जैन में पहुँचूँ तो,
महाकाल नज़र आए।bd।

गायक – किशन भगत।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com